

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

‘भाजपा चाहती है अजित पवार महायुति छोड़े’


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 116 ■ शुक्रवार, 19 जुलाई 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


## शिवसेना के पूर्व शहर प्रमुख ने विधायक पर कसा तंज

■ 15 वर्ष से कुंभकर्ण की नींद सोये हुए को हमारे कारण जागना पड़ा

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** कुछ लोग 15 वर्ष से कुंभकर्ण की नींद में थे. शहर शिवसेना द्वारा शहरवासियों को गंभीर समस्याओं जैसे पानी की समस्या पर सफलता से कार्य करना शुरू किया तो 15 वर्ष से कुंभकरण की नींद में सोये हुए भी जाग गए और जलापूर्ति की समस्या को लेकर कार्य करना शुरू किया है.

आषाढ़ी एकादशी पर शिवसेना के पूर्व शहर प्रमुख अरविंद वालेकर द्वारा आयोजित भक्ति गीत, भजन कीर्तन कार्यक्रम में कहा कि ये कार्यक्रम शिवसेना शाखा में बुधवार को आयोजित किया गया था, जिसमें महिला, युवक, पुरुष शिवसैनिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे. अब शहर में और शिवसैनिकों में ये चर्चा हो रही है कि वह कौन है जो 15 वर्ष तक सोया हुआ था. क्या वह अंबरनाथ के विधायक हैं, जो 15 वर्षों से विधायक हैं.

गत दिनों अरविंद वालेकर ने पानी और विद्युत की समस्या को लेकर दोनों विभाग के अधिकारियों को नाकों चने चबा दिए थे. विद्युत अधिकारियों ने तो खुंटवली के वालेकर सभागृह में स्वतः जाकर लोगों की विद्युत समस्या को सुना था. जलापूर्ति मजीप्रा ने भी उन्हें पत्र दिया है कि जल्द ही पानी की समस्या को हल कर लिया जाएगा. इसी समय पर विधायक किणीकर ने भी शहर में बैनर लगाया कि उनके प्रयास से पानी की समस्या के लिए 259 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं. शायद इसी बात को लेकर वालेकर ने कहा है कि 15 वर्षों से कुंभकरण की नींद सोये हुए भी जाग गए हैं.

विदित हो कि गत कई वर्षों से वालेकर, किणीकर विवाद जल रहा है. अब ये विवाद खुलकर सामने आ गया है, लेकिन वालेकर ने किसी का नाम नहीं लिया है. उन्होंने पांडुरंग के चरण में प्रार्थना की है कि शहर में पानी की समस्या का खात्मा हो. विठोबा राया हमें ऐसा बल दे कि हम सब शहरवासियों की समस्या को हल कर सकें.

भ्रष्टाचार का मुख्यालय उल्हासनगर मनपा | एंटी करप्शन के डर से लंबी छुट्टी पर शहर अभियंता

# PWD ने ठेकेदारों के हाथों बेचा शहर




■ शहर अभियंता पर एंटी करप्शन की गाज

■ विभाग के कर्मचारी भ्रष्टाचार में लिप्त

■ निजी कर्मचारी करते हैं सारी सेटिंग

■ मालामाल ठेकेदारों पर इनकम टैक्स के छापे

**उल्हासनगर.** 13 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में पसरा उल्हासनगर शहर का हर विकास कार्य महानगरपालिका के बांधकाम विभाग (PWD) से ही होते हुए गुजरता है। सांसद, विधायक, राज्य सरकार या कोई भी विशेष विकास फंड आता है वो बांधकाम विभाग से ही होकर जाता है। इतना ही नहीं महानगरपालिका का बजट भी इसी PWD विभाग के आधार पर ही बनता है. इससे यह जाहिर है कि करोड़ों के फंड का सबसे बड़ा घोटाला व भ्रष्टाचार इसी विभाग में होता है। जिसके मुखिया शहर अभियंता हैं।

आज शहर की हालत का जिम्मेदार शहर अभियंता ही हैं क्योंकि शहर में जो खस्ता हालत सड़कें हैं उनको बनने से पूर्व और बाद में जो निरीक्षण करने का कार्य होता है वो भी शहर अभियंता का ही है। शहर में सड़कों के निर्माण व मरम्मत के लिए विशेष फंड, मनपा बजट में करोड़ों का खर्चा किया जाता है फिर भी शहर से सड़कें गायब है और गड्ढों का साम्राज्य बना हुआ है।

शहर अभियंता ने ठेकेदारों के साथ मिलकर शहर को पूरी तरह बेच दिया है और ठेकेदारों को इस कदर मालामाल कर दिया है कि उन पर हाल ही में इनकम टैक्स द्वारा छापेमारी की गई।

हाल ही में सांसद फंड के 40 करोड़ फंड को लेकर ठेकेदारों की आपसी जंग से यह जग जाहिर हो गया कि कितना बड़ा भ्रष्टाचार है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने तो 100 करोड़ के घोटाले का पर्दाफाश भी किया था और कहा था कि बोगस कंपनियों के नाम पर ठेकेदार मनपा में काम करते हैं। इस मामले की पोल खुलने के बाद शहर अभियंता संदीप भूमिगत हो गए और हमेशा की तरह अपने घर और बदलापुर के होटल एसएस पार्क से मनपा का कारोबार चला रहे थे। लेकिन यह जांच एंटी करप्शन के पास जाने के बाद तत्कालीन शहर अभियंता संदीप जाधव ने कार्रवाई से बचने के लिए लंबी छुट्टी ले ली और उनका चार्ज तरुण सेवकानी को दिया गया लेकिन भ्रष्टाचार बंद नहीं हुआ.

आज भी शहर अभियंता और निजी कर्मचारियों के माध्यम से PWD में हद से ज्यादा भ्रष्टाचार व घोटाले हो रहे हैं। निजी ठेकेदारों को करोड़ों का फायदा पहुंचाने के लिए सरकार का नुकसान किया जा रहा है और शहर विकास को अनदेखा कर उसे बेचा जा रहा है। इस मामले में विशेष जांच समिति का गठन मनपा आयुक्त को करना चाहिए अन्यथा राज्य शासन को इसमें हस्तक्षेप करके इस विभाग की जांच कर कार्रवाई करनी चाहिए ताकि शहर का विकास हो सके।


उल्हास विकास — शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024

मनपा अधिकारी व ठेकेदार लगा रहे सरकार को चूना

उल्हासनगर मनपा का PWD विभाग बदलापुर की होटल में हुआ स्थानांतरण?

बदलापुर की एक होटल में सारे कागजातों पर अधिकारी कर रहे हस्ताक्षर

आयकर विभाग की छापेमारी से PWD अधिकारियों की नींद हराम

GST चोरी की पोल खुलनी बाकी


उल्हास विकास

आखिरकार 42 करोड़ का 'टेंडर वॉर' तीन हिस्सों में बंटा

बंदरबांट के खेल में जनता फेल

■ 15 से 25 प्रतिशत कमीशन में हुआ सौदा

■ भाजपा अपना फायदा कर पड़ रही सबपे भारी

■ भाजपा-शिवसेना के ड्रामे का हुआ अंत

■ भाजपा विधायक ने साध रखी है चुप्पी

**दैनिक उल्हास विकास इससे पहले भी भ्रष्टाचार के मामले को समय-समय पर उजागर कर चुका है.**

### दलित बस्ती के करोड़ों के फंड जाएंगे जेब में

वहीं सूत्रों से खबर मिली है कि हाल ही में दलित बस्ती विकास योजना हेतु करोड़ों का फंड आया हुआ है उसमें भ्रष्टाचार का प्लानिंग पूरी तरह से की गई है। जिसे जल्द ही दै. उल्हास विकास द्वारा उजागर किया जाएगा।

### ■ ठेकेदारों द्वारा बनाए जाते हैं बोगस बिल

■ ज्ञात हो कि दै. उल्हास विकास ने 5 अप्रैल 2024 को यह खबर दी थी कि कैसे शहर अभियंता ठेकेदारों से मिलकर कर शहर को लूट रहे हैं और सरकार के राजस्व का भी नुकसान कर रहे हैं। जी हां PWD विभाग में ठेकेदारों द्वारा जीएसटी बिलों की बड़ी चोरी होती है। ठेकेदार के बिलों को बिना जीएसटी के पास किया जाता है जिसमें अधिकारी पूरी तरह शामिल है। ज्यादातर ठेकेदार बिना जीएसटी के बिल देते हैं जो पूरी तरह बोगस होते हैं। जीएसटी का 18 प्रतिशत मिल बांटकर खाया जाता है। सरकार को न देकर उन्हें अधिकारी और अपने मुनाफे के लिए ठेकेदार रखते हैं। मनपा मुख्यालय के सामने कपिल नामक व्यक्ति का एक निजी कार्यालय है जहां बोगस बिल बनाए जाते हैं. उस पर छापा मारकर उसे सील करना चाहिए।

## वडोलगांव के नाले में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव



उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ वडोलगांव के बहते नाले में शहर पुलिस को एक लाश मिली है. ये लाश बहते नाले में एक पत्थर के पास आकर अटक गई थी. पुलिस को जैसे ही खबर मिली वह घटना पहुंची. अग्निशमन दल को भी बुला लिया गया. उन्होंने एक रस्सी फेंक कर शव को नाले में से बाहर निकाला. ये एक पुरुष का शव है, जो नाले में कहीं से बह कर आया है. उसकी पुलिस जांच कर रही है. अज्ञात व्यक्ति की आयु लगभग 40 वर्ष है. शव को पोस्ट मार्टम हेतु शासकीय रुग्णालय में भेज दिया है.

वडोल गांव के पास से बहनेवाला नाला अंबरनाथ शहर से ही होकर आता है. पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि ये अज्ञात व्यक्ति कौन है? इसक साथ कोई हादसा हुआ है या उसके साथ कोई अनुचित घटना तो नहीं हुई है?--

## गटर में बिछी हैं पीने के पानी की पाइपलाइन

■ उल्हासनगरवासियों का स्वास्थ्य खतरे में

**उल्हासनगर.** शहरवासियों को प्रचुर मात्रा में साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए मनपा द्वारा 350 करोड़ की जल वितरण योजना लागू करने के बावजूद पानी की पाइपलाइन गंदे नालों से होकर बिछाई गई हैं। इससे नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए समस्या पैदा हो गई. वहीं दूसरे चरण की 126 करोड़ की जलापूर्ति योजना भी शुरू होने वाली है.



उल्हासनगर में पानी की कमी की समस्या को हल करने के लिए कुछ साल पहले 350 करोड़ की जलापूर्ति वितरण योजना लागू की गई थी। इस योजना के तहत नई पाइपलाइन बिछाना, हर घर में नए नीले पाइप का कनेक्शन, पानी के मीटर लगाना, जल वितरण के लिए 11 ऊंचे जलसेतु और एक भूमिगत जलसेतु का निर्माण, पंपिंग स्टेशन आदि शामिल थे। लेकिन इस योजना में कुछ अधूरा होने के कारण 126 करोड़ की जलापूर्ति एवं वितरण योजना के दूसरे चरण का काम शुरू हो गया. लेकिन सिर्फ 13 किमी. क्षेत्र के शहर में 350 करोड़ की जलापूर्ति वितरण योजना के प्रथम चरण के क्रियान्वयन के बावजूद पानी की कमी, जल रिसाव, अनियमित जलापूर्ति आदि की समस्या बनी हुई है.

### इन इलाकों में है खतरा...

कैंप नंबर-3 हीराघाट क्षेत्र, शिरू चौक, सुभाष हिल क्षेत्र, गायकवाड़ पाड़ा, गोलमैदान में राहुलनगर क्षेत्र, शांतिनगर में डॉल्फिन होटल क्षेत्र, कैंप नंबर-4 में महादेवनगर, संतोषनगर, भीम कॉलोनी, मद्रासीपाड़ा आदि इलाकों में पाइपलाइन नहीं बिछाई गई.। इसलिए, मेन लाइन से लंबे पाइप कनेक्शन लगाए गए हैं. सीवर और सीवेज नालियों से गुजरने वाली पाइपलाइन में रिसाव है और ऐसे लीक पाइपों के माध्यम से नागरिकों को प्रदूषित पानी की आपूर्ति की जा रही है। ऐसे प्रदूषित जल के कारण नागरिकों के स्वास्थ्य को खतरा उत्पन्न हो गया है।

## विधायक ने अंबरनाथ स्टेशन का किया दौरा

**अंबरनाथ.** गुरुवार को अंबरनाथ के विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने अंबरनाथ रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्म, आरक्षण केंद्र को देखा और रेल प्रशासन से कहा कि स्टेशन परिसर को हमेशा स्वच्छ रखें और अन्य काम जो बचे हुए हैं, उन्हें पूरा करें. अंबरनाथ में रोजाना हजारों प्रवासी रेल में सफर करते हैं. उन्हें कोई परेशानी ना हो इसके लिए उन्होंने डॉ. देवराज पॉल, डॉ. तिवारी को साथ में लेकर दौरा किया. वह आरक्षण केंद्र भी देखने गए. आरक्षण केंद्र पर शहर से आने वाले मुसाफिरों की ये भी शिकायतें हैं कि केंद्र के बाहर आने वाले



रास्ते पर इस बरसात में पानी और कीचड़ एकत्रित रहता है, जिसके कारण प्रवासियों को परेशानी होती है. साथ ही केंद्र के बाहर रेलवे सीढ़ी के नीचे लोग शौच करते हैं, जिसके कारण टिकट निकालने वालों को बदबू का सामना करना पड़ता है. इसलिए किणीकर ने स्वच्छता रखने को कहा है. प्लेटफार्म की छत दुरुस्ती पादचारी पुल पर भी साफ सफाई रखने को उन्होंने कहा है. उनके साथ स्टेशन मैनेजर आर. पी. मीणा भी थे. रेल प्रवासियों ने कहा है कि विधायक को इस तरह कम से कम एक महीने में रेलवे का दौरा भी करना चाहिए. ताकि प्रवासियों की परेशानियों को वह जान सकें. आर. पी. मीणा ने हमें बताया कि उन्होंने अंबरनाथ नपा से ये मांग की है कि आरक्षण केंद्र को आनेवाले बाहरी रास्ते को वह बंद करे, जो कि सीढ़ियों के नीचे से आता है.

## अति धोखादायक इमारतों पर कार्रवाई शुरू

■ कैम्प 1 में नानिक अपार्टमेंट को किया गया खाली


■ इमारत में कई फ्लैट व दुकानें हैं

■ उल्हासनगर में कई इमारतें अति धोखादायक

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा आयुक्त अजीज शेख और अतिरिक्त आयुक्त किशोर गावस के आदेश के अनुसार, उल्हासनगर-1 स्थित दैनिक उल्हास विकास कार्यालय के पास इंदिरा गांधी गार्डन के सामने नानिक अपार्टमेंट नामक तीन मंजिला इमारत



अतिधोकादायक हो गई थी जिस कारण इमारत निवासियों व दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया था। यह इमारत पूरी तरह खाली हो चुकी थी लेकिन कुछ ट्रांसपोर्ट व अन्य दुकान कार्यरित थे। जिन्हें खाली कराया गया। बारिश के दिनों में इमारत गिरने की संभावना को देखते हुए नानिक अपार्टमेंट बिल्डिंग को



तोड़ने का कार्य आज से शुरू किया गया है। इस इमारत को इसलिए भी तोड़ा जा रहा है कि उक्त निर्माण के साथ-साथ आसपास के निर्माण को भी कोई खतरा न हो। मौके पर सहायक आयुक्त गणेश शिंपी व मनीष हिवरे उपस्थित थे. शहर में कई अतिधोकादायक इमारतें हैं जिन्हें मनपा तोड़ेगी।

## साइबर अपराधियों को सिम कार्ड देनेवाला गिरोह धराया

■ 3 आरोपी गिरफ्तार

**ठाणे.** ठाणे अपराध जांच विभाग की साइबर सेल ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो साइबर क्राइम करनेवाले गिरोह को सिम कार्ड की आपूर्ति कर रहा था। इसमें आफताब ढेबर (22, निवासी छत्तीसगढ़) समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है. ठाणे आर्थिक अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त पराग मनेरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी.

ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के 16 अपराधों की जांच करते समय, ठाणे साइबर सेल के सहायक पुलिस निरीक्षक प्रदीप सरफरे को उन आरोपियों के मोबाइल नंबरों की सीडीआर और




व्हाट्सएप मैसेजिंग के बारे में जानकारी मिली, जिन्होंने धोखाधड़ी के लिए व्हाट्सएप चैटिंग के माध्यम से पीड़ितों से संपर्क किया था। इसमें यह भी जानकारी मिली कि विभिन्न राज्यों के 30 मोबाइलों में से 2600 मोबाइल सिम कार्ड का व्हाट्सएप छत्तीसगढ़, त्रिपुरा और अन्य स्थानों से संचालित (सक्रिय) हो रहा है.

हाल ही में ठाणे के एक शिकायतकर्ता से शेयर बाजार में निवेश का लालच देकर 29 लाख 30 हजार रुपये की ठगी की गई. जांच में पता चला कि शिकायतकर्ता से छत्तीसगढ़ से व्हाट्सएप के जरिए संपर्क किया गया था. आरोपियों की IMEI लोकेशन के आधार पर सहायक पुलिस निरीक्षक मंगल सिंह चव्हाण, सरफरे, उप-निरीक्षक सुभाष साल्वी और अमलदार प्रवीण इंगले की एक टीम ने छत्तीसगढ़ में छापेमारी की और आफताब ढेबर और मनीष कुमार देशमुख (27, आर्यनगर छत्तीसगढ़) को हिरासत में लिया।

उनके पास से प्रीएक्टिवेटेड 779 मोबाइल सिम कार्ड, एक लैपटॉप, दो वाईफाई राउटर, 23 मोबाइल हैंडसेट, 50 क्रेडिट, डेबिट कार्ड, 20 चेक बुक और कुछ नकदी जब्त की गई। इन दोनों आरोपियों को 5 जुलाई 2024 को गिरफ्तार किया गया था. जांच में, उन्होंने भाईजान उर्फ हाफ़िज़ लईक अहमद (48, निवासी दिल्ली) को भी गिरफ्तार किया, जिसने भारत में एक सिम कार्ड खरीदा और इसे वित्तीय धोखाधड़ी के लिए दुबई में एक गिरोह को बेच दिया।

## एक ही रात में कल्याण पूर्व की कई दुकानों में चोरी

■ दुकानदारों में रोष का माहौल

■ कोलसेवाड़ी पुलिस में मामला दर्ज


**कल्याण.** कल्याण पूर्व में अपराध का स्तर दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है और अब कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन क्षेत्र के गणेशवाडी मच्छी मार्केट की मुख्य सड़क पर चोरों ने बार सहित कई दुकानों के शटर तोड़कर सामान और नकदी चोरी कर ली।

बुधवार मध्यरात्रि 2 बजे से 3 बजे के दरम्यान चोरों ने अमृत पैलस बार, अन्नपूर्णा मालवानी स्टोर्स, पानेरी क्लोथिंग स्टोर, केयर एड केयर, मेडिकल स्टोर्स और देवी दयाल टॉवर के पास एक आवासीय घर में भी चोरी हुई। एक लाख से अधिक नकदी और कीमती सामान पर चोरों ने हाथ साफ किया है।

कोलसेवाड़ी पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर ली है। वहीं इस तरह से व्यस्त जगहों पर खुलेआम चोरी करने से कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो जाती है दुकानदार व परिसर के निवासियों में रोष देखा जा रहा है।

## बदलापुर में बिजली की कमी से स्वास्थ्य, उद्योग और जलसंकट

**बदलापुर.** करीब तीन लाख की आबादी वाले और चौथी मुंबई का खिताब रखने वाले बदलापुर शहर में पिछले कुछ सालों से बिजली वितरण व्यवस्था चरमराने से नागरिक आजकल परेशानी में हैं. एक ओर जहां बिजली की कमी के कारण पेयजल आपूर्ति भी चरमरा गयी है. बदलापुर के औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों को भी बिजली की कमी का सामना करना पड़ रहा है और उद्योग कैसे चलाया जाए यह सवाल खड़ा हो गया है। बार-बार बिजली गुल होने से स्कूल, बैंक लेनदेन और दुकानदार परेशान हैं।



अंबरनाथ और बदलापुर में पिछले कुछ वर्षों में तेजी से जनसंख्या वृद्धि देखी गई है। कई प्रसिद्ध बिल्डरों ने बदलापुर जैसे शहरों में आवासीय परिसर बनाए। यह सच है कि प्रकृति, पानी और खुलेपन के कारण शहरवासियों को यह शहर पसंद आया, लेकिन अब शहर की आबादी को बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना सिस्टम के लिए मुश्किल हो गया है। उसमें भी समय पर बिजली आपूर्ति व्यवस्था चालू नहीं हो पायी है. पिछले कुछ दिनों में यहां वितरण व्यवस्था चरमरा गई है जिससे पता चलता है कि वह बिजली आपूर्ति करने में सक्षम नहीं है।

इसका असर पूरे शहर के नागरिकों के जीवन पर पड़ता है. शहर में पानी की कमी है क्योंकि शहर को पानी की आपूर्ति करने वाली महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण की प्रणाली में बिजली की सुचारू आपूर्ति नहीं है। प्राधिकरण ने खुद इस संबंध में सूची बनाकर नागरिकों से जल प्रबंधन की अपील की है।

प्राधिकरण की इंजीनियर माधुरी पाटिल ने कहा है कि जल उपचार केंद्र में आपूर्ति सुचारू करने के प्रयास किए जा रहे हैं और इसके लिए स्थानीय विधायक, महावितरण के वरिष्ठ और स्थानीय अधिकारी संपर्क में हैं. अभी दो दिन पहले ही यहां के उपजिला अस्पताल को एक स्विच की मरम्मत के कारण पांच घंटे तक बिजली के बिना रहना पड़ा था। अस्पताल की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से मरीजों पर असर पड़ा.

इस पर हंगामा मचने के बाद महावितरण की ओर से अस्पताल में रोहित्रा की मरम्मत करने के बजाय सीधे नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया.

### 6 माह में 275 बार बिजली कटौती

बदलापुर इंडस्ट्रियल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष कुशल जैन ने बताया है कि यहां के उद्यमियों ने पिछले छह महीनों में 275 बार बिजली आपूर्ति बाधित होने की सूचना दी है। इस औद्योगिक क्षेत्र में 290 कंपनियाँ हैं जिनमें कपड़ा उद्योग, रसायन और इंजीनियरिंग कंपनियाँ शामिल हैं। जैन ने प्रक्रिया के दौरान ही बिजली गुल होने पर केमिकल कंपनी में कुछ दुर्घटनाएं होने की भी आशंका जताई है.

### स्कूल और कार्यालय भी प्रभावित

बिजली आपूर्ति लगातार बाधित रहने से छोटे स्कूल, दुकानदार और कार्यालय भी प्रभावित हो रहे हैं. बिजली के अभाव में बैंकों का काम भी बाधित होता है. जिन दुकानदारों के पास कोल्ड स्टोरेज और रेफ्रिजरेटर हैं उन्हें यह समस्या उठानी पड़ रही है।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## मौसम का कहर और बाढ़ की त्रासदी


देश के कई इलाकों में इन दिनों लोगों को भारी बरसात की वजह से बाढ़ की त्रासदी झेलनी पड़नी पड़ रही है। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत कई क्षेत्रों में मानसून के बादल बरसने में संकोच कर रहे हैं। नतीजतन, उमस भरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। ऐसे में सवाल है कि आखिर मौसम प्रणाली में इस कदर असंतुलन क्यों पैदा हो रहा है? भारतीय मौसम विभाग की ताजा रपट में कहा गया है कि उत्तर-पश्चिम भारत में इस वर्ष जून का महीना 31.73 डिग्री सेल्सियस औसत तापमान के साथ वर्ष 1901 के बाद से सबसे गर्म रहा है। इस बीच, दिल्ली में मई से जून के बीच बत्तीस दिन ऐसे रहे, जब तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। इसके बाद दिल्ली में मानसून की दस्तक के साथ ही चौबीस घंटों में इतना पानी बरसा कि अट्ठासी वर्षों का रेकार्ड टूट गया। उसके बाद हल्की बारिश ही हो रही है, जिससे उमस भरी गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वहीं, पहाड़ी इलाकों में बादल फटने और मैदानी क्षेत्रों में बिजली गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इससे पिछले दो-तीन सप्ताह में कई लोगों की जान जा चुकी है।

मौसम के इस बदलते मिजाज के पीछे जलवायु परिवर्तन को कारण माना जाता है। यूनिवर्सिटी आफ टेक्सास की ताजा रपट के मुताबिक, मौसम में आ रहे बदलाव जलवायु परिवर्तन के खतरों का संकेत हैं। बढ़ती वैश्विक तपिश से भविष्य में और भी भयावह परिणाम देखने को मिल सकते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि मौसम में तेजी से हो रहे बदलावों के पीछे कार्बन उत्सर्जन का बड़ा योगदान है।

दरअसल, पृथ्वी पर कार्बन उत्सर्जन बहुत तेजी बढ़ रहा है, जिसका सीधा प्रभाव मौसम पर पड़ रहा है। हवा में बढ़ते 'एयरोसोल सल्फेट' की मात्रा भी धरती का तापमान बढ़ा रही है, जिससे अरब और हिंद महासागर का तापमान बढ़ रहा है और इससे मानसून पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में साफ है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत समेत दुनिया भर में हो रहे प्रयासों को गति देने की जरूरत है। तभी मौसम में हो रहे असामान्य बदलावों का असर कम हो पाएगा।

# विदेश व्यापार : निर्यात बढ़ाने के लिए नई कवायद का वक्त

नई गठबंधन सरकार वैश्विक व्यापार की चुनौतियों के बीच भारत से निर्यात बढ़ाने और व्यापार घाटे को कम करने के लक्ष्य को सामने रखकर मिशन मोड पर आगे बढ़ रही है। हाल ही में नई दिल्ली में बिम्सटेक (बंगाल की खाड़ी के आसपास स्थित देशों का संगठन) में भारत ने नई जान फूंकने की कोशिश की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत के लिए बिम्सटेक के देशों बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, म्यांमार और थाईलैंड के साथ द्विपक्षीय व्यापार और आपसी सहयोग बढ़ाने की पहल नेबरहुड फर्स्ट और एक्ट ईस्ट तथा सागर नीति का ही हिस्सा है। इसी तरह भारत ने रूस सहित मित्र देशों और विभिन्न विकसित देशों के साथ द्विपक्षीय वार्ताओं से कारोबार बढ़ाने की नई कवायद शुरू की है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस और ऑस्ट्रिया के दौरे के दौरान द्विपक्षीय वार्ताओं से विदेश व्यापार की नई संभावनाएं आगे बढ़ाई हैं। प्रधानमंत्री मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच वार्ता के बाद जारी हुए संयुक्त बयान में कहा गया है कि भारत और रूस ने द्विपक्षीय कारोबार को 2030 तक 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने, व्यापार में संतुलन लाने, गैर-शुल्क व्यापार बाधाओं को दूर करने और यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू)-भारत मुक्त व्यापार क्षेत्र की संभावनाएं तलाशने का लक्ष्य रखा है। दोनों देशों ने राष्ट्रीय मुद्रा का इस्तेमाल कर एक द्विपक्षीय निपटान प्रणाली स्थापित करने और पारस्परिक निपटान प्रक्रिया में डिजिटल वित्तीय उपकरणों को लाने की योजना बनाने की बात कही है। ऑस्ट्रिया के चांसलर नेहमर के साथ



द्विपक्षीय वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के आपसी सहयोग को मजबूत करने के लिए संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान की जाएगी। इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, इनोवेशन, नवीकरणीय ऊर्जा, हाइड्रोजन, जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम जैसे क्षेत्रों में एक दूसरे के सामर्थ्य को जोड़ने का काम किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि 2023 में दोनों देशों के बीच लगभग 2.93 अरब रुपये का द्विपक्षीय व्यापार हुआ है। ऑस्ट्रिया के लिए भारत यूरोपीय संघ के बाहर इसके सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदारों में से एक है।

पड़ोसी प्रथम नीति के तहत नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों के राष्ट्रप्रमुखों को बुलाया गया था। हाल में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद तीस्ता नदी के जल प्रबंधन, समुद्री अर्थव्यवस्था और डिजिटल सेक्टर सहित 10 अहम समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं। इसी तरह श्रीलंका के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के मद्देनजर कोलंबो में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत की और भारत से दिए गए 60 लाख अमेरिकी डॉलर के अनुदान से निर्मित समुद्री बचाव समन्वय केंद्र का उद्घाटन किया। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा कि वर्ष 2022 में जब श्रीलंका सबसे बड़े आर्थिक संकट से जूझ रहा था, तब भारत ने 3.5 अरब डॉलर की मदद देकर हमें आर्थिक संकट से उबारा। यह भी महत्वपूर्ण है कि हाल में जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष आमंत्रित देश भारत की अहमियत दिखाई दी। भारत के लिए सबसे ठोस लाभ जी-7 की उस प्रतिबद्धता से उपजा, जिसमें कहा गया कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को बढ़ावा दिया जाएगा। इस गलियारे के निर्माण की घोषणा गत वर्ष भारत में जी 20 शिखर बैठक के समय की गई थी।

सरकार को आसियान देशों में निर्यात की नई रणनीति अपनानी होगी। साथ ही भारत को ओमान, ब्रिटेन, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, इस्राइल, गल्फ कंट्रीज काउंसिल और यूरोपीय संघ के साथ भी एफटीए को शीघ्र अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ना होगा। इस पर भी काम करना होगा कि पिछले वर्ष जी-20 में जिस 55 देशों वाले अफ्रीकी संगठन को जी-20 की स्थायी सदस्यता दिलाने में भारत ने अहम भूमिका निभाई है, उन देशों में निर्यात बढ़ाने होंगे। उम्मीद है कि पिछले दिनों रूस, ऑस्ट्रिया, बांग्लादेश, श्रीलंका और विभिन्न देशों के साथ की गई द्विपक्षीय वार्ताएं लाभप्रद सिद्ध होंगी। ऐसे में निश्चित रूप से भारत विदेश व्यापार बढ़ाने के रणनीतिक प्रयासों से वर्ष 2030 तक माल एवं सेवाओं के दो लाख करोड़ डॉलर के निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगा।



एक-एक करके, ईंट-ईंट करके, हम शांतिपूर्ण विश्व का निर्माण कर सकते हैं।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज
स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# आधी आबादी को नहीं मिल रहा भरपूर भोजन

महंगाई का सीधा असर आम उपभोक्ता के घरेलू खर्चों पर पड़ता है। इसलिए यह हैरानी का विषय नहीं कि थोक और खुदरा महंगाई की बढ़ी दरों के साथ ही उपभोक्ता व्यय के आंकड़े भी बढ़े हुए आए हैं। सरकार द्वारा जारी 2022-2023 की घरेलू खर्च रपट के मुताबिक देश के करीब आधे लोगों को तीन वक्त का भोजन नहीं मिल पाता। गांवों और शहरों में रहने वाले लोगों के बीच यह अंतर बहुत मामूली है। करीब आधी आबादी नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन नियमित नहीं कर पाती।

इसकी वजह केवल बढ़ी हुई महंगाई नहीं, बल्कि आय में बढ़ती विषमता है। देश के शीर्ष पांच फीसद अमीर और पांच फीसद सबसे अमीर लोगों के घरेलू खर्च में करीब बीस गुना का अंतर है। पांच फीसद सबसे गरीब ग्रामीण लोगों का औसत घरेलू खर्च 1373 रुपए और पांच फीसद शीर्ष शहरी अमीरों का घरेलू खर्च 20824 रुपए है। इसे लेकर स्वाभाविक ही विपक्ष को सरकार पर निशाना साधने का मौका मिल गया है। कांग्रेस ने पिछले दस वर्षों में बढ़ी हुई आय संबंधी विषमता का आंकड़ा पेश करते हुए सरकार की आर्थिक नीतियों की आलोचना की है।

घरेलू खर्च में बढ़ोतरी और गरीब तथा अमीर के उपभोग व्यय में भारी अंतर आर्थिक विसंगतियों को रेखांकित करता है। महंगाई और घरेलू खर्च बढ़ने से लोगों को तब परेशानी नहीं होती, जब उसी अनुपात में उनकी आमदनी बढ़ी हो। मगर पिछले पांच-सात सालों में लोगों की क्रयशक्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। कोरोना काल के बाद लाखों लोगों



की नौकरियां और रोजगार छिन गए, इससे उन्हें घर का खर्च चलाना मुश्किल है। तिस पर बढ़ती महंगाई मुसीबतों का पहाड़ बन कर टूटती है।

दूसरी तरफ, अमीर लोगों का घरेलू खर्च बढ़ रहा है। यानी उनकी आमदनी भी बढ़ रही है। इससे बाजार में भी विसंगतियां पैदा होती हैं। केवल अमीर लोगों के बल पर कोई बाजार नहीं टिक पाता। अमीरों की आमदनी बढ़ने से ऐशो-आराम की वस्तुओं की बिक्री जरूर बढ़ जाती है, मगर आम उपभोक्ता के बल पर खड़े खुदरा बाजार को निरंतर संघर्ष करते रहना पड़ता है। पिछले कुछ वर्षों में सृजित कुल संपत्ति का करीब चालीस फीसद हिस्सा देश के केवल एक फीसद लोगों के पास गया है। देश की सत्तर करोड़ आबादी की कुल संपत्ति के बराबर हिस्सा कुल इक्कीस अमीरों के पास है।

अर्थशास्त्रियों का कहना है कि अर्थव्यवस्था में बढ़ते एकाधिकार की वजह से महंगाई बढ़ रही है। मगर सरकार इस विसंगति को दूर करने को लेकर गंभीर नजर नहीं आती। विचित्र है कि एक तरफ तो देश को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित किया जाता है। कुछ वर्षों में देश के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने का दावा किया जा रहा है। इसके विकसित देशों की श्रेणी में शुमार होने की उम्मीद जताई जा रही है। मगर इसके बरक्स दूसरी तस्वीर यह है कि देश की आधी आबादी तीन वक्त का भोजन नहीं जुटा पाती।

सरकार खुद इसे अपनी बड़ी उपलब्धि के रूप में रेखांकित करती है कि वह अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध करा रही है। जब तक लोगों की क्रयशक्ति नहीं बढ़ती और आय की असमानता दूर नहीं होती, तब तक संतुलित आर्थिक विकास की उम्मीद करना मुश्किल बना रहता है। इसके लिए नए रोजगार सृजित करने और वेतन-भत्तों के मामले में व्यावहारिक नीति बनाने की जरूरत होती है, जिसका अभाव लंबे समय से देखा जा रहा है।

# इस शख्स ने 35 साल से नहीं कटवाई मूंछ

जरा हट के

फिल्म 'शराबी' का एक मशहूर डायलॉग है.... .'मूंछें हो तो नत्थूलाल जैसी.' लेकिन आगरा नामनेर के रहने वाले रमेश कुशवाहा को देख कर लोग बोलते है कि मूंछें हो तो रमेश कुशवाहा बाबा जैसी. 80 साल के रमेश कुशवाहा की 35 फुट लंबी मूंछें हैं. वह पिछले 35 सालों से अपनी मूंछें बढ़ा रहे हैं. अब इलाके में रमेश कुशवाहा मूंछों वाले बाबा के नाम से फेमस हैं. कई देसी-विदेशी सैलानी उनकी मूंछों के साथ फोटो खिंचवाने के लिए आते हैं

### शौकिया तौर पर बढ़ाना शुरू की थी मूंछ

लोकल18 से बातचीत के दौरान रमेश कुशवाहा बताते हैं कि उन्होंने लगभग 35 साल पहले शौकिया तौर पर मूंछ बढ़ाना शुरू किया था. इसके बाद लोगों की तारीफ मिलती रही और उन्होंने फिर कभी मूंछें नहीं कटवाई . आज लगभग 35 साल के बाद उनकी 35 फुट लंबी मूंछ है. मूंछें इतनी लंबी है कि उन्हें बांधकर रखना पड़ता है. हफ्ते में एक बार देखरेख करने के लिए या कंघी करने के लिए एक खोलते हैं.



### कुछ नहीं खाते रमेश बाबा

रमेश बाबा नामनेर में 1634 की कुटिया में रहते हैं. उनकी पत्नी है .लेकिन बच्चे नहीं है .उनका पानी का प्लांट है, जिसकी वह देखरेख भी करते हैं. रमेश कुशवाहा बाबा दिन में कुछ खाते पीते नहीं है. सिर्फ और सिर्फ दूध पीते हैं .मूंछों को कंघी करने के लिए दो लोगों की मदद लेनी पड़ती है. उनकी मूंछ इतनी लंबी है कि गले में माला की तरह वह मूछों को लटका कर रखते है.

उन्होंने बताया कि उन्होंने बस शौकिया तौर पर इन मूछों को पिछले 35 सालों से बढ़ाया है. उन्हें रिकॉर्ड बनाने की कोई हसरत नहीं है. ना ही कोई सम्मान पाने की है . हां लेकिन अगर कोई मूंछें देखने या फोटो खींचने आता है, तो वो मना नहीं करते हैं.




# बेसन चीला

■ सामग्री

मेहमानों के लिए कम समय में जल्दी नाश्ता तैयार करना चाहते हैं, तो आप घर पर रहकर बेसन चीला बना सकते हैं, बेसन चीला बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री लगेगी, जैसे एक कप बेसन, एक कप पानी, एक बड़ा प्याज बारीक कटा हुआ, दो हरी मिर्च बारीक कटी हुई, आधा चम्मच अदरक लहसुन पेस्ट, एक चम्मच हल्दी पाउडर, एक चम्मच लाल मिर्च पाउडर, एक चम्मच धनिया, एक चम्मच गरम मसाला, स्वादानुसार नमक, बारीक कटा हुआ धनिया और तेल. इन सभी सामग्री का इस्तेमाल कर आप मेहमानों के लिए टेस्टी नाश्ता तैयार कर सकते हैं.

■ विधि :

बेसन चीला बनाने के लिए एक बाउल में बेसन लें. इसमें प्याज, हरी



मिर्च, अदरक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, नमक, गरम मसाला सहित स्वाद अनुसार दूसरे मसाले जो आपको पसंद हो उन्हें डालकर पानी की मदद से घोल तैयार कर लें. इसे थोड़ी देर रख दें, अब एक नॉन स्टिक तवे को गैस पर गर्म करें, जब दवा अच्छे तरीके से गर्म हो जाए, तब इस पर थोड़ा तेल डाल दें. अब एक चम्मच की मदद से घोल को तवे पर फैला दें और थोड़ी देर सेकने दे. जब चीला हल्का सुनहरा हो जाए, तो इसे पलट दें और दोनों तरफ तेल लगा दें. जब यह दोनों तरफ से हल्का सुनहरा होने लगे, तो इसे अच्छी तरह सेक लें. अब आप इसे एक प्लेट में निकालकर ऊपर से हरा धनिया डालकर चटनी या दही के साथ मेहमानों को गरमा गरम परोस सकते हैं. यह रेसिपी बनाने में बहुत आसान और कम समय में तैयार होने वाली रेसिपी है. आप अगर चाहे तो इस घोल में अपनी पसंद की सब्जियां मिला सकते हैं. आपको अगर मीठा खाना पसंद है, तो आप इस घोल में चीनी डाल सकते हैं. आप चाहे तो इसमें नींबू का रस भी मिला सकते हैं, इससे यह और स्वादिष्ट लगेगा. चिले को क्रिस्पी बनाने के लिए आपको कम आंच पर थोड़ी देर तक चिले को सेकते रहना होगा.

## आज का राशिफल

**मेष** : दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा।

**वृषभ** : प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मिथुन** : प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें।

**कर्क** : शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है।

**सिंह** : आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

**कन्या** : घर-बाहर सहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों समय पर संपन्न होंगे। आय में वृद्धि हो सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं।

**तुला** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृश्चिक** : सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें। नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**धनु** : कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा।

**मकर** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है।

**कुंभ** : व्यवसाय ठीक चलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। जल्दबाजी न करें। कष्ट, भय, चिता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे।

**मीन** : भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# सावन में भोलेनाथ के लिए भोग बनाते समय न करें ये गलतियां

सावन का महीना शुरू होते ही भोलेबाबा के भक्तों का उत्साह भी बढ़ जाता है। हर जगह बम-बम भोले के जयकारे और आरती की आवाज सुनाई देने लगती है। इस पावन महीने में शिवजी के भक्त उन्हें प्रसन्न करने के लिए उनकी पूजा और उपवास रखते हैं। इतना ही नहीं इस दौरान भगवान शिव को उनके पसंदीदा भोग का प्रसाद भी लगाया जाता है। जिसे बनाते समय व्रत से जुड़े कुछ नियमों का पालन भी करना होता है। आइए जानते हैं सावन व्रत के दौरान भोलेनाथ के लिए भोग बनाते समय कौन सी गलतियां करने से बचना चाहिए।

■ लहसुन और प्याज को रखें दूर

सावन के व्रत का पहला नियम यह है कि भगवान शिव का प्रसाद बनाने के लिए सिर्फ सात्विक और शुद्ध चीजों का ही उपयोग किया जाता है। प्याज और लहसुन को तामसिक भोजन माना जाता है, इसलिए भोग तैयार करते समय इन दोनों चीजों का यूज करने से बचना चाहिए।



■ मांस-मछली

शिवजी का भोग तैयार करते समय रसोई घर में मांस-मछली नहीं पकाना चाहिए। प्याज और लहसुन की तरह इन्हें भी तामसिक भोजन माना जाता है।

■ फर्मेंटेड फूड

शिवजी के भोग में किसी तरह के फर्मेंटेड फूड का उपयोग नहीं किया जाता है। दरअसल, फर्मेंटेड फूड, ऐसे फू होते हैं जिन्हें तैयार करने के लिए खमीर की प्रक्रिया का सहारा लिया जाता है। इस तरह के भोजन में खमीर उठने से उनका स्वाद थोड़ा खट्टा हो जाता है और शिवजी के भोग में मीठी चीजों का प्रसाद बनाकर चढ़ाया जाता है।

■ नमक

भगवान शिव के व्रत में नमक का सेवन नहीं किया जाता है। इसलिए उनका भोग तैयार करने के लिए भी नमकीन चीज से परहेज करें। भोलेबाबा को भोग लगाने के लिए आप साबूदाना या सूजी की खीर, हलवा या फिर घर पर ही कोई मिठाई तैयार कर सकते हैं।

■ बासी भोजन-

भूल से भी भगवान शिव को बासी चीजों का भोग नहीं लगाना चाहिए। बासी चीजें भगवान को अर्पित करना बेहद अशुभ माना जाता है।

# सावन में कैसे करें शिवलिंग की स्थापना?


ज्योतिषाचार्य डॉ. भार्गव का कहना है कि शिवलिंग के स्थापना और पूजा की विधि शिव पुराण में विस्तार से बताई गई है. शिव पुराण के अनुसार, शिवलिंग की स्थापना किसी पवित्र तीर्थ, नदी के तट पर या उस स्थान पर करना चाहिए, जहां पर आप उसकी रोज पूजा कर पाएं. शुभ समय में शिवलिंग की पूजा करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है. चल प्रतिष्ठा के लिए छोटा शिवलिंग और अचल प्रतिष्ठा के लिए बड़ा शिवलिंग अच्छा होता है. शिवलिंग की पीठ सहित स्थापना करनी चाहिए. शिवलिंग की पीठ गोल, चौकोर, त्रिकोट या घाट के पाए की तरह ऊपर और नीचे मोटा, बीच में पतला होना चाहिए. ऐसा लिंग पीठ महान फल देने वाला होता है.

1. सबसे पहले मिट्टी या लोहे से शिवलिंग का निर्माण करें, फिर उसी द्रव्य से उसका पीठ भी बनाना चाहिए. यही अचल शिवलिंग की विशेषता है.
2. चल प्रतिष्ठा वाले शिवलिंग में लिंग और प्रतिष्ठा का निर्माण एक ही तत्व से करना चाहिए. चल लिंग में लंबाई स्थापना करने वाले व्यक्ति के 1 अंगुल के बराबर होनी चाहिए, उससे कम न हो.
3. अचल शिवलिंग में लिंग की लंबाई स्थापना करने वाले व्यक्ति के 12 अंगुल के बराबर होनी चाहिए. इससे कम होने पर कम फल प्राप्त होता है. यह लंबाई 12 अंगुल से अधिक भी हो सकती है.
4. एक गड्ढे में सोना और 9 प्रकार के रत्न भर दें. फिर वैदिक मंत्रों का उच्चारण करके शिव जी की ध्यान करें. फिर ओम का उच्चारण करते हुए उस गड्ढे में शिवलिंग की स्थापना कर दें. वहां शिव जी की मूर्ति की स्थापना भी पंचाक्षर मंत्र के उच्चारण के साथ करनी चाहिए.
5. इस प्रकार से स्थापित शिवलिंग की रोज पूजा करें. शिवलिंग साक्षात भगवान शिव का पद प्रदान करने वाला है.

■ शिवलिंग की पूजा विधि

शिव पुराण के अनुसार, शिव पूजा के लिए आवाहन, आसन, अर्घ्य, पाद्य, पाद्यांग, आचमन, स्नान, वस्त्र, यज्ञोपवीत, गंध, फूल, धूप, दीप, नैवेद्य, पान, समर्पण, नीराजन, नमस्कार और विसर्जन ये 16 उपचार हैं, जिन्हें षोडशोपचार पूजा कहते हैं. इस प्रकार से शिव जी या शिवलिंग की पूजा करनी चाहिए. इस प्रकार से किया जाने वाली पूजा शिव पद की प्राप्ति कराती है. षोडशोपचार विधि से पूजा करने से पूर्ण फल की प्राप्ति होती है. शिवलिंग की परिक्रमा और नमस्कार करने से भी शिव पद की प्राप्ति होती है.

# सावन पर 72 साल बाद दुर्लभ संयोग



सनातन धर्म में सावन के महीने को काफी पवित्र माना जाता है. सावन के महीने में जो भी भक्त श्रद्धापूर्वक भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा करते हैं, उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं. इस साल सावन माह का प्रारम्भ और पहला सोमवार 22 जुलाई को ही है. पहले ही दिन सोमवार पड़ने से इस बार भक्तों को 5 सोमवार मिलेंगे और सावन महीने का समापन 19 अगस्त को होगा. तीर्थनगरी सोरों के ज्योतिषाचार्य डॉ. गौरव कुमार दीक्षित बताते हैं कि इस बार सावन पर 72 साल बाद दुर्लभ संयोग बना है. सावन का प्रारंभ और समापन दोनों ही सोमवार के दिन हो रहा है.

**कुल 5 सोमवार इन तारीख़ों पर होंगे**

पहला सावन सोमवार व्रत- 22 जुलाई 2024
दूसरा सावन सोमवार व्रत- 29 जुलाई 2024
तीसरा सावन सोमवार व्रत- 5 अगस्त 2024
चौथा सावन सोमवार व्रत- 12 अगस्त 2024
पांचवां सावन सोमवार व्रत- 19 अगस्त 2024

सावन माह की शुरुआत और समापन दोनों ही इस बार सोमवार को होंगे. ऐसा दुर्लभ योग 72 वर्ष पहले 27 जुलाई 1953 को बना था, जब सावन महीने की शुरुआत और समापन सोमवार के साथ हुआ था.

### सावन में 6 शुभ योग भी

इस बार सावन में 6 शुभ योगों का निर्माण भी हो रहा है. इस साल श्रावण मास में शुक्रादित्य योग, बुधादित्य योग, नवपंचम योग और गजकेसरी योग बन रहे हैं. इनके अलावा कुबेर योग और शश योग भी बन रहे हैं, जिसकी वजह से इस महीने का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है.

### सर्वार्थ सिद्धि समेत 3 शुभ योग में होगी सावन की शुरूआत

सावन के पहले दिन ही सोमवार और सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है. इस योग में सावन का शुभारंभ होना बेहद शुभ माना जा रहा है. सर्वार्थ सिद्धि योग में सावन सोमवार का व्रत रखने से आपको शिवजी की विशेष कृपा प्राप्त होगी. सर्वार्थ सिद्धि योग में रुद्राभिषेक करने और व्रत करने से इच्छित व्यक्ति को अभीष्ट फल की प्राप्ति होगी. पहले सोमवार को प्रीति, आयुष्मान और सर्वार्थ सिद्धि योग जैसे तीन बड़े योगों के साथ सावन की शुरुआत बहुत शुभ मानी जा रही है.

### शिवजी पूरी करेंगे सबकी मनोकामनाएं

ज्योतिषाचार्य डॉ. दीक्षित का कहना है कि इस बार सावन में इतने शुभ योग बन रहे हैं कि अधिकतर राशिवालों की मनोकामनाएं भगवान शिव पूरा करेंगे. इस बार कोई भी शिव भक्त भगवान भोलेनाथ की कृपा पाने से वंचित नहीं हो सकता.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### शाम होते ही खुल जाती हैं बोलतें, दफ्तर बन जाता है मायखाना, तीन पुलिसकर्मी सस्पेंड

**शामली.** सोशल मीडिया पर कुछ दिनों से डायल-112 पुलिसकर्मियों वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में तीन पुलिसकर्मी जाम छलकाते नजर आ रहे हैं। तीनों पुलिसकर्मियों ने ऑफिस को ही मयखाना बना रखा था। पुलिसकर्मियों ने बाकायदा टेबिल पर नमकीन आदि पूरे इंतजाम कर जाम पर जाम छलकाते दिख रहे हैं। मामला जब उच्चाधिकारियों तक पहुंची तो उन्होंने वीडियो को पुराना बताया। हालांकि तीनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। एसपी ने मामले की जांच एएसपी को सौंप दी है। निलंबित पुलिसकर्मियों में एक दारोगा और दो हेड कांस्टेबिल शामिल है।

### एक लाख जोड़ों की शादी कराएगी योगी सरकार

**लखनऊ.** जरूरतमंद बेटियों के लिए चलाई की यूपी सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत एक लाख जोड़ों की शादी कराने की तैयारी है। इस कार्यक्रम को और अधिक पारदर्शी तरीके से आयोजित कराने के लिए समाज कल्याण विभाग ने नियम और प्रक्रियाओं और अधिक परिभाषित करते हुए एसओपी तैयार की है। इसके अंतर्गत जनपदों में यथासंभव एक स्थान पर 100 से कम जोड़ों के विवाह कराए जाने एवं 100 से अधिक जोड़ों के विवाह होने की स्थिति में जिलाधिकारी की उपस्थिति में आयोजन कराए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। आयोजन के समय पात्र जोड़ों की पुष्टि के लिए अलग से पंजीकरण काउंटर के साथ मंडल के उपनिदेशक एवं निकट जनपद के जिला समाज कल्याण अधिकारी भी मौके पर उपस्थित होकर समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे और विभाग को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। विभाग ने निर्धारित बजट के अनुरूप इस वित्तीय वर्ष में 1,06,911 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य तय किया है।

### आर्केस्ट्रा डांसरों से गैंगरेप के चार आरोपी भेजे जेल, पांचवें की तलाश में पुलिस

**गोरखपुर.** गोरखपुर के गीडा इलाके में दो नर्तकियों से गैंग रेप के आरोपित पांच बदमाशों में से दो को गुरुवार को पुलिस कोर्ट में दाखिल करेगी जबकि एक बदमाश की तलाश में पुलिस की दबिश जारी है। जल्द ही उसे पकड़ने का दावा किया जा रहा है। इससे पहले बुधवार को अन्य दो आरोपियों को पुलिस जेल भेज चुकी है। गीडा क्षेत्र के एकला बंधे के पास मंगलवार की रात में करीब 11 बजे पांच बदमाशों ने आर्केस्ट्रा संचालक की पिटाई कर दो नर्तकियों का अपहरण कर उनके साथ गैंग रेप किया था।

### हाईवे किनारे जगंल में मिला किशोरी का शव

**बरेली.** बरेली के मीरगंज में हाईवे किनारे स्थित जंगल में किशोरी का शव मिला। किशोरी के गले में दुपट्टा कसा हुआ था। माना जा रहा है कि कहीं दूसरी जगह हत्या करने के बाद शव को यहां फेंका गया है। किशोरी की शिनाख्त नहीं हो सकी है। एसपी साउथ मानुष पारिक ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। लड़की की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। जनाकारी के अनुसार कुल्छा खुर्द गांव निवासी देवीदास बुधवार सुबह 11 बजे ग्रामीणों के साथ कृषि फार्म गए थे। पापुलर के खेत के पास चकरोड पर किशोरी का शव पड़ा था। सूचना पर मीरगंज इंस्पेक्टर और चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर जांच की। 15-17 वर्ष की किशोरी के दाएं हाथ में कलावा और कड़ा था। गले में दुपट्टा कसा हुआ था। पुलिस प्रथमदृष्टया हत्या का मामला का मान रही है।

# डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस पटरी से उतरी

- 2 की मौत
- 21 कोच पटरी से उतरे
- एक्सीडेंट के पहले ड्राइवर ने सुनी धमाके की आवाज



**गोंडा.** यूपी के गोंडा में चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस की 5 AC समेत 21 बोगियां पटरी से उतर गईं। इनमें 3 पलटी खा गईं। हादसे में 2 यात्रियों की मौत हो गई, 25 घायल हैं। वहीं, 2 यात्रियों के पैर कट गए। हालांकि मनकापुर SDM यशवंत कुमार ने पहले 5 यात्रियों की मौत की बात कही थी। 1 घंटे बाद उन्होंने 2 यात्रियों की मौत की पुष्टि की। ज्यादातर घायल यात्री AC कोच के बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद यात्री खिड़की के कांच तोड़कर बाहर कूदे।

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे अफसर मौके पर पहुंचे। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। SDRF टीम मौके पर है। ट्रेन के अंदर फंसे लोगों को बोगियां काट कर निकाला जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे के CPRO पंकज कुमार ने बताया- लोको पायलट ने एक्सीडेंट के पहले धमाके की आवाज सुनी थी।

वहीं, रेल मंत्रालय ने मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपए मुआवजे का ऐलान किया है। गंभीर घायलों को ढाई लाख और मामूली घायलों को 50 हजार रुपए की मदद दी जाएगी। साथ ही मामले की हाई-लेवल जांच के आदेश दिए गए हैं।

ट्रेन (15904) चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही थी। हादसा झिलाही रेलवे स्टेशन के बीच गोसाई डिहवा में हुआ। हादसा स्थल की अयोध्या से इसकी दूरी 30 किमी और लखनऊ से 130 किमी है। गुरुवार को ट्रेन रात 11.39 बजे चंडीगढ़ से रवाना हुई। दोपहर 2.37 बजे पलट गई।

### खड़गे ने कहा- पीएम, रेल मंत्री को हादसे की जिम्मेदारी लेनी चाहिए

■ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे गोंडा में हुए ट्रेन हादसे पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा- चंडीगढ़-डिबूगढ़ एक्सप्रेस का पटरी से उतरना इस बात का एक और उदाहरण है कि कैसे मोदी सरकार ने व्यवस्थित रूप से रेल सुरक्षा को खतरे में डाला है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं हैं। खड़गे ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके रेल मंत्री, जो आत्म-प्रचार का कोई मौका नहीं छोड़ते, उन्हें भारतीय रेलवे में हुई भारी चूक की सीधे जिम्मेदारी लेनी चाहिए। हमारी एकमात्र मांग है। पूरे भारत में सभी मार्गों पर कवच टक्कर रोधी प्रणाली शीघ्रता से स्थापित की जानी चाहिए.

# जगन्नाथ मंदिर का भंडार 4 दिन में दोबारा खुला

- कीमती सामान स्ट्रॉन्ग रूम में शिफ्ट होगा
- अब तक 6 बॉक्स खजाना निकल चुका

**पुरी.** ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार (खजाना) गुरुवार (18 जुलाई) को एक बार फिर से खोला गया है। इस दौरान इनर रत्न भंडार में मौजूद आभूषण और कीमती सामान को अस्थायी स्ट्रांग रूम में शिफ्ट किया जाएगा। इससे पहले रविवार (14 जुलाई) को 46 साल बाद रत्न भंडार को खोला गया था, जिसमें आउटर रत्न भंडार का सामान 6 बक्सों में शिफ्ट करके सील किया गया था। मंदिर प्रशासन ने सुबह 8 बजे से मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी है। अधिकारियों के मुताबिक, भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहनों के समक्ष प्रार्थना करने के बाद ओडिशा सरकार की ओर से गठित पर्यवेक्षी (सुपरविजन) कमेटी के सदस्यों ने 9 बजे मंदिर में प्रवेश किया। रत्न भंडार के खजाने को सुबह करीब 10 बजे खोला गया।

### पुरी कलेक्टर बोले- केवल चुनिंदा व्यक्तियों को ही अंदर जाने की इजाजत

■ पुरी कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर स्वैन ने कहा कि केवल अधिकृत व्यक्तियों को पारंपरिक पोशाक के साथ रत्न भंडार में प्रवेश करने की अनुमति है। मंदिर में प्रवेश से पहले पर्यवेक्षी कमेटी के अध्यक्ष और उड़ीसा हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस विश्वनाथ रथ ने बताया, हमने भगवान जगन्नाथ से खजाने के भीतरी कक्ष (इनर केबिन) में रखे सभी कीमती सामान को आसानी से बाहर निकालने का आशीर्वाद मांगा है।

# आंध्र प्रदेश में YSRCP नेता की बीच सड़क पर हत्या

- दोनों हाथ काटे; गर्दन पर भी घाव
- आरोपी TDP का नेता

**पालनाडु.** आंध्र प्रदेश में बुधवार (17 जुलाई) की रात YSR कांग्रेस के नेता की दोनों हाथ काटकर बीच सड़क पर हत्या कर दी गई। आरोपी की पहचान TDP के लोकल नेता के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को गंभीर हालत में अस्पताल भेजा जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना की वजह आपसी दुश्मनी है।

### पॉलिटिकल कनेक्शन नहीं- पुलिस


पुलिस ने बताया कि आंध्र प्रदेश के पालनाडु जिले के विनुकोंडा में बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे YSR कांग्रेस की यूथ विंग के मेंबर शेख रशीद पर एक युवक ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोपी की पहचान शेख जिलानी के रूप में हुई है, जो TDP का लोकल नेता है। जिला पुलिस प्रमुख कांची श्रीनिवास राव ने कहा कि जांच से स्पष्ट है कि घटना का किसी भी पॉलिटिकल पार्टी से कनेक्शन नहीं है। हालांकि मामले की गंभीरता को देखते हुए, विनुकोंडा में धारा 144 लागू कर दी गई है। घटना का वीडियो भी सामने आया है जिसमें जिलानी धारदार हथियार से रशीद पर हमला करता नजर आ रहा है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि जिलानी ने रशीद के दोनों हाथ काट दिए और गर्दन पर जानलेवा हमला किया।

# जम्मू-कश्मीर में 3 जगह एनकाउंटर

**कुपवाड़ा में 2 आतंकी ढेर:डोडा में आतंकियों ने अस्थायी कैंप पर हमला किया, 2 जवान घायल**

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा के केरन इलाके में सेना ने एनकाउंटर में 2 आतंकियों को मार गिराया है। सेना को यहां कुछ आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसी दौरान आतंकियों-सेना के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, जो अभी भी जारी है।

उधर, डोडा में भी दो जगह इनकाउंटर चल रहा है। गुरुवार तड़के आतंकवादियों के हमले में दो सैनिक घायल हो गए। सेना के अधिकारियों ने बताया कि कास्तीगढ़ इलाके के जद्दन बाटा गांव में बुधवार देर रात स्कूल में बने अस्थायी सुरक्षा शिविर पर आतंकियों ने गोलीबारी की। इसमें दो जवान घायल हुए।



सेना ने फायरिंग की तो आतंकी जंगल की ओर भागे, वहां सेना ने उन्हें घेर रखा है। यहां सेना और आतंकियों के बीच रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। वहीं, जिले में एक अन्य जगह भी एनकाउंटर जारी है।

डोडा में ही 15 जुलाई को आतंकियों से मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन और पुलिसकर्मी समेत 5 जवान शहीद हो गए थे। 16 जुलाई को डोडा के डेसा फोरेस्ट बेल्ट के कलां भाटा में रात 10:45 बजे और पंचान भाटा इलाके में रात 2 बजे फिर फायरिंग हुई थी। इन्हीं घटनाओं के बाद सर्च ऑपरेशन चलाने के लिए सेना ने जद्दन बाटा गांव के सरकारी स्कूल में अस्थायी सुरक्षा शिविर बनाया था। डोडा जिले को 2005 में आतंकवाद मुक्त घोषित कर दिया गया था। 12 जून के बाद से से लगातार हो रहे हमलों में 5 जवान शहीद हुए, 9 सुरक्षाकर्मी घायल हुए। जबकि तीन आतंकवादी मारे गए।

# 12 से बढ़कर 40% हो गए मुसलमान



**झारखंड का भी न हो जाए असम जैसा हाल; सरमा ने जताई चिंता**

> सरमा ने कहा, जेएमएम और कांग्रेस केंद्र पर दोष मढ़कर सभी को गुमराह कर रही है। लेकिन मैं आपको बता दूं कि केंद्रीय बल घुसपैठ को नहीं रोक सकते। अगर यह खूंटी जिले में हो रहा है, तो केंद्र कुछ नहीं कर सकता है। यह राज्य सरकार का काम है। मैं असम में नियमित रूप से ऐसा करता हूं।

**रांची.** अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को रांची में कहा कि झारखंड को असम को एक चेतावनी के रूप में लेना चाहिए कि कैसे बांग्लादेश से घुसपैठ के कारण राज्य की जनसंख्या में परिवर्तन हो चुका है। राज्य की स्वदेशी आबादी के लिए जीवन और मृत्यु का मामला बन गया है। उन्होंने कहा कि असम में मुस्लिम आबादी 40% है। 1951 में यह सिर्फ 12% थी।

झारखंड में भाजपा के चुनाव प्रभारी सरमा ने पार्टी की चुनावी तैयारियों का जायजा लेने के लिए बैठक की। इसके बाद उन्होंने कहा, "यह मेरे लिए कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। मैं इसके लिए दिन-रात लड़ता रहता हूं।

सरमा ने आरोप लगाया कि झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति ने भूमि जिहाद को जन्म दिया है, जहां अवैध अप्रवासी आदिवासियों को नकली शादियों में फंसाकर उनकी जमीन हड़प रहे हैं। सरमा ने कहा, ₹हम नहीं चाहते कि झारखंड का भी हाल असम की तरह हो जाए।

असम के सीएम ने बताया कि झारखंड हाईकोर्ट ने भी हाल ही में राज्य सरकार को घुसपैठियों की पहचान करने और उन्हें वापस भेजने का निर्देश दिया है। सरमा ने कहा, ₹अगर आप इसके लिए केवल केंद्र को दोषी ठहराते हैं तो कुर्सी छोड़ दें। हम सत्ता में आने के बाद जो करना होगा करेंगे।₹ उन्होंने कहा कि अगर झारखंड में भाजपा अगली सरकार बनाती है, तो उसे आदिवासी लड़कियों को शादी के बहाने घुसपैठियों के जाल में फंसने से रोकने के लिए एक सख्त कानून के बारे में सोचना चाहिए।

जमीन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत मिलने के कुछ दिनों के भीतर सोरेन द्वारा मुख्यमंत्री पद संभालने पर सरमा ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को पद छोड़ने के लिए मजबूर करके उन्होंने उनकी राजनीतिक हत्या के बराबर काम किया है।

### IED ब्लास्ट में 2 कॉन्स्टेबल शहीद : 4 जवान घायल,


**बीजापुर.** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाई गई IED ब्लास्ट की चपेट में आने से STF के 2 जवान शहीद हो गए हैं।

शहीद जवानों में एक रायपुर और एक नारायणपुर के हैं। वहीं 4 जवान घायल हुए हैं। घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रायपुर भेजा गया है।पुलिस को सूचना मिली थी कि बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा जिले की सीमा पर दरभा डिवीजन के नक्सली बड़ी संख्या में मौजूद हैं।

इसी सूचना के आधार पर तीनों जिलों से STF, DRG, कोबरा और CRPF की संयुक्त टीम को ऑपरेशन के लिए भेजा गया था। जवान 17 जुलाई के रात्रि 10 बजे लौटने के दौरान थाना तर्रेम एरिया में मंडीमरका के जंगलों में IED ब्लास्ट की चपेट आ गए।

# सुप्रीम कोर्ट को मिले 2 नए जज

- चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने दिलायी शपथ



**नई दिल्ली.** जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एन. कोटिश्वर सिंह ने बृहस्पतिवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पद की शपथ ली और वह मणिपुर से सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत होने वाले पहले न्यायाधीश बन गए हैं। मद्रास हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आर. महादेवन ने भी सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने यहां सुप्रीम कोर्ट परिसर में हुए एक समारोह में दोनों न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलायी। इसके साथ ही अब सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई समेत न्यायाधीशों की संख्या 34 हो गयी है जो कि पूर्ण है।

सुप्रीम कोर्ट में एक सितंबर 2024 को न्यायमूर्ति हिमा कोहली के सेवानिवृत्त होने तक 34 न्यायाधीश काम करेंगे। इसके बाद सीजेआई चंद्रचूड़ इस साल 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे। न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस के सेवानिवृत्त होने के बाद दो पद रिक्त हो गए हैं। केंद्र ने 16 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश को स्वीकृति दे दी थी।

सीजेआई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय कॉलेजियम ने 11 जुलाई को केंद्र से दोनों न्यायाधीशों को सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत करने की सिफारिश की थी। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 11 जुलाई को इन दोनों नामों की सिफारिश करते हुए कहा था, ''सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में उनकी नियुक्ति से पूर्वोत्तर को प्रतिनिधित्व मिलेगा और विशेष रूप से वह मणिपुर राज्य से शीर्ष अदालत के न्यायाधीश नियुक्त होने वाले पहले न्यायाधीश होंगे।'' न्यायमूर्ति सिंह को अक्टूबर 2011 में गौहाटी हाईकोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। मणिपुर हाईकोर्ट के गठन के बाद उन्हें वहां स्थानांतरित कर दिया गया।

# पाकिस्तान से छिन सकती है चैंपियंस ट्रॉफी



- भारत ने जाने से मना किया तो श्रीलंका या दुबई में होगा टूर्नामेंट
- ICC बैठक आज

पाकिस्तान से अगले साल फरवरी-मार्च में प्रस्तावित चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी छिन सकती है। कोलंबो में 19 जुलाई से आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की अहम बैठक में इसकी घोषणा हो सकती है।

भारत ने पाकिस्तान में नहीं खेलने का फैसला किया है। ऐसे में पूरा टूर्नामेंट ही खटाई में पड़ सकता है। सूत्रों के अनुसार अब चैम्पियंस ट्रॉफी के श्रीलंका अथवा दुबई में होने के आसार है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों के अनुसार बीसीसीआई की पैठ से ट्रॉफी का आयोजन छिनना तय है।

बीसीसीआई के फैसले को इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया का साथ

पाकिस्तान में चैम्पियंस ट्रॉफी नहीं खेलने के भारत के निर्णय को इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट बोर्ड का साथ मिल रहा है। बीसीसीआई के पाक में नहीं खेलने के फैसले और फिर वेन्यू बदलने को अन्य देशों के क्रिकेट बोर्ड का भी आईसीसी की बैठक में साथ मिलेगा। एक बड़ा कारण है कि पाकिस्तान को छोड़कर अन्य सभी बोर्ड के खिलाड़ी आईपीएल में खेलते हैं।


एसएलसी के अध्यक्ष शामी सिल्वा ने दैनिक भास्कर से बातचीत में कहा, अंतिम फैसला आईसीसी बोर्ड की बैठक में किया जाएगा। श्रीलंका के खेल मंत्री हारिन फर्नान्डो ने कहा, भारत के पाकिस्तान में नहीं खेलने के निर्णय पर हम कोई टिप्पणी नहीं करेंगे।

### 1996 के बाद टीम को पहली बार मिली मेजबानी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, PCB ने टूर्नामेंट के वेन्यू का ड्राफ्ट ICC को सौंप दिया है। टूर्नामेंट का आयोजन अगले साल फरवरी-मार्च में होना है। वनडे वर्ल्ड कप 1996 के बाद यह पहला मौका है जब पाकिस्तान को किसी ICC इवेंट की मेजबानी दी गई है।

# NCP नेता के बेटे की SUV की टेम्पो से टक्कर

- 2 घायल, FIR दर्ज
- 2 महीने में पुणे का तीसरा हाई-प्रोफाइल एक्सीडेंट केस



**पुणे.** पुणे डिप्टी मेयर और NCP (शरद गुट) नेता बंडू गायकवाड़ के 25 साल के बेटे सौरभ गायकवाड़ ने अपनी एसयूवी से एक टेम्पो ट्रक में टक्कर मार दी। हादसे में टेम्पो ट्रक ड्राइवर और उसका साथी घायल है। सौरभ गायकवाड़ को भी चोटें आई हैं।

न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, घटना मंगलवार सुबह करीब 5 बजे की है। पुलिस ने बताया कि पुणे में मंजरी-मुंडवा रोड पर मुर्गियों से भरा टेम्पो ट्रक गुजर रहा था। तभी NCP नेता के बेटे सौरभ गायकवाड़ की हाई स्पीड टाटा हैरियर रॉन्ग साइड से अचानक आई और टेम्पो ट्रक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी।

घटना का CCTV फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें दिखा कि सिंगल लेन रोड पर आमने-सामने की टक्कर के बाद दोनों गाड़ियां सड़क के दोनों किनारों पर जाकर रुक गई। काले रंग की कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, कार की टक्कर से टेम्पो ट्रक में लदी कुछ मुर्गियां सड़क पर गिर गईं। हादसे में टेम्पो ट्रक का ड्राइवर, क्लीनर और सौरभ गायकवाड़, तीनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां तीनों का इलाज चल रहा है।

पुलिस ने सौरभ गायकवाड़ के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। उस पर गलत साइड पर गाड़ी चलाने का आरोप है। अस्पताल में भर्ती रहने के कारण उसे अभी हिरासत में नहीं लिया गया है। सूत्रों के अनुसार सौरभ गायकवाड़ नशे में था। हालांकि, पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

# ट्रेनी IAS ऑफिसर पूजा खेडकर की मां गिरफ्तार



- होटल मालिक बोले- नाम बदलकर रुकीं
- एक लड़का साथ था जिसे बेटा बताया

**पुणे.** ट्रेनी IAS ऑफिसर पूजा खेडकर की मां मनोरमा को पुणे ग्रामीण पुलिस ने किसानों को धमकाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। वे रायगढ़ के महाड के एक होटल में नाम बदलकर रुकी थीं।

मनोरमा कल रात 8 बजे एक लड़के के साथ होटल पहुंची थीं। होटल मालिक ने दैनिक भास्कर को खास बातचीत में बताया कि मनोरमा ने लड़के को अपना बेटा बताया था। उनका यहां एक रात रुकने का प्लान था। रातभर के लिए उन्होंने 1 हजार रुपए होटल मालिक को दिए थे।

होटल में एंट्री के समय उनके पास सिर्फ एक बैग था और कमरे में जाने के बाद उन्होंने रूम लॉक कर लिया। डिनर करने भी वे लोग कमरे से बाहर नहीं आए। पुलिस ने उन्हें रात 2 बजे हिरासत में लिया और सुबह गिरफ्तारी की।

दरअसल, मनोरमा खेडकर का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वे पिस्तौल से किसानों को धमकाती नजर आ रही थीं। 13 जुलाई को मनोरमा समेत 7 लोगों के खिलाफ पौड पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था। FIR में आर्म्स एक्ट के चार्ज भी शामिल किए गए। केस दर्ज होने के बाद से वह फरार हो गई थीं।

दावा- पूजा की मां ने जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी

स्थानीय लोगों का आरोप है कि खेडकर परिवार ने बाउंसर की मदद से पड़ोसी किसानों की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की और उनको धमकाया। किसान कुलदीप पासलकर ने दावा किया कि मनोरमा जबरदस्ती उनकी जमीन हड़पने की कोशिश कर रही हैं।

हालांकि पुणे पुलिस के सुपरिंटेंडेंट पंकज देशमुख ने 12 जुलाई को बताया था कि यह घटना पिछले साल 5 जून धडावली गांव में हुई थी।

# NEET पेपर लीक - पटना AIIMS के 4 स्टूडेंट हिरासत में

- CBI ने इनके रूम सील किए
- तीन थर्ड, एक सेकेंड ईयर का छात्र

**पटना.** NEET UG पेपर लीक मामले मे सीबीआई ने बुधवार को पटना AIIMS के चार मेडिकल स्टूडेंट को हिरासत में लिया है। सीबीआई टीम सभी को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। पकड़े गए मेडिकल के छात्र चंदन कुमार, राहुल कुमार और करण जैन 2021 बैच के हैं। वहीं कुमार शानू 2022 बैच का है। इनके रूम को भी सीबीआई ने सील कर दिया है।




सूत्रों के अनुसार, पकड़े गए मेडिकल स्टूडेंट के लैपटॉप और मोबाइल को भी सीबीआई ने जब्त किया है। सीबीआई की टीम बुधवार दोपहर पटना एम्स पहली बार पहुंची थी। जहां टीम सीवान के रहनेवाले चंदन कुमार को अपने साथ ले गई। फिर शाम 6 बजे सीबीआई ने पटना के कुमार शानू, धनबाद के राहुल आनंद को हिरासत में लिया। वहीं चौथे मेडिकल स्टूडेंट करण जैन खुद जांच एजेंसी के पास गया। वो अररिया के रहने वाले हैं। इधर पेपर लीक मामले में सीबीआई ने पेपर चोरी करने वाले से लेकर अभ्यर्थियों तक पहुंचाने, उन्हें रटाने से लेकर इस कड़ी में शामिल हर चेहरे को दबोच लिया है। पूरे मामले में अब बस एक मिसिंग लिंक है। और वह है कि पेपर ले जाने वाले ट्रक की सूचना जालसाजों तक कैसे पहुंची और यह सूचना किसने दी। एजेंसी अब इसी कड़ी को तलाश रही है। सीबीआई ने मंगलवार को पंकज कुमार और राजू को गिरफ्तार किया है।

### 'चरमपंथी नापाक इरादों का प्रदर्शन कर रहे'

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसके जरिए उन्होंने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर मुस्लिम तुष्टिकरण करने का आरोप लगाया और सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने जो वीडियो शेयर किया उसमें एक युवक फिलिस्तीन का झंडा लहराते हुए नजर आ रहा है। मरांडी ने कहा कि झामुमो सरकार से मिली शह की बदौलत अब ऐसे चरमपंथी विचारधारा के लोग खुलकर अपने इरादे जताने लगे हैं। मरांडी ने एक्स अकाउंट पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'हेमंत सोरेन सरकार के मुस्लिम तुष्टिकरण के परिणामस्वरूप अब झारखंड में देशविरोधी चरमपंथी विचारधारा के लोग खुलकर अपने नापाक इरादों का प्रदर्शन करने लगे हैं।

## संक्षेप...

### बस की टक्कर से महिला की मौत



**भायंदर.** मनपा परिवहन सेवा की बस की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। घटना गुरुवार दोपहर भायंदर के बंदरवाड़ी इलाके में हुई. इस हादसे में मरने वाली महिला की पहचान दुर्गा देवी बिष्ट (58) के रूप में हुई है। इस घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने बस में तोड़फोड़ की. गुरुवार दोपहर दुर्गादेवी बिष्ट भयंदर पूर्व के बंदरवाड़ी नाका के पास बस के लिए खड़ी थीं। तभी आई परिवहन सेवा की बस की चपेट में आने से बिष्ट की मौके पर ही मौत हो गई। गुस्साए नागरिकों ने बस में तोड़फोड़ कर दी। नवघर वरिष्ठ पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक धीरज कोली ने जानकारी दी है कि नवघर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है, बस चालक को हिरासत में लिया गया है.

# शरद गुट बोला- भाजपा चाहती है अजित पवार महायुति छोड़े

- **RSS की मैगजीन का हवाला देते हुए कहा- NCP के कारण जनता BJP के खिलाफ हुई**



"लोकसभा चुनाव की हार के बाद BJP महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीतने की कोशिश में है। लेकिन पार्टी को अहसास हो गया है कि अजित गुट के साथ यह संभव नहीं है।

**क्लाइड क्रैस्टो**
प्रवक्ता शरद गुट



**मुंबई.** NCP (शरदचंद्र पवार) के प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने दावा किया कि भाजपा अजित पवार गुट से महाराष्ट्र में 'महायुति' गठबंधन छोड़ने को कह रही है। क्रैस्टो ने (17 जुलाई) को RSS से जुड़ी एक मराठी साप्ताहिक मैगजीन में छपी रिपोर्ट के हवाले से ये बयान दिया है। क्रैस्टो ने कहा, 'भाजपा को एहसास हो गया है कि अजित पवार के साथ गठबंधन में पार्टी चुनाव नहीं जीत सकती है।'

दरअसल, साप्ताहिक मैग्जीन 'विवेक' की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में NCP के साथ गठबंधन के बाद से ही जनता की भावनाएं भाजपा के खिलाफ तेजी से बढ़ी, जिसके कारण हाल में हुए लोकसभा चुनावों में पार्टी का खराब प्रदर्शन रहा और भाजपा चुनाव हार गई।

लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद भाजपा महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है, लेकिन पार्टी को एहसास हो गया है कि अजित पवार की NCP के साथ गठबंधन से उसकी संभावनाओं को नुकसान पहुंचेगा।

सच्चाई यह है कि महाराष्ट्र की जनता ने बड़े पैमाने पर NCP (शरद गुट) के पक्ष में मतदान किया है। भाजपा भी इस पूरे मामले में सावधानी से काम कर रही है, क्योंकि वह चुनाव जीतना चाहती है।

उपमुख्यमंत्री अजित पवार की NCP के साथ गठबंधन भाजपा को लोकसभा चुनावों की तरह चुनाव हारने पर मजबूर कर देगा। साप्ताहिक (विवेक) में छपा लेख उन तरीकों में से एक है, जिससे भाजपा अजित पवार से खुद को दूर करने की कोशिश कर रही है और शायद किसी न किसी तरह से उन्हें (महायुति) छोड़ने के लिए कह रहे हैं।

RSS से जुड़े एक प्रकाशन ने कुछ सप्ताह पहले भी इसी तरह का एक अन्य लेख लिखा था। उन्होंने तर्क दिया कि महाराष्ट्र के वोटर्स ने भाजपा के एनसीपी और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ गठबंधन को स्वीकार नहीं किया है।

# नेतिवली पहाड़ी पर ढहे 5 मकान

- **भारी बारिश के चलते हादसा**

आकिब शेख





**कल्याण.** कल्याण पूर्व के कचोरे में चट्टान खिसकने की घटना अभी ताजा ही थी कि गुरुवार को नेतिवली पहाड़ी पर 5 मकान ढह जाने की घटना सामने आई है। लगातार हो रही बारिश के कारण नेतिवली पहाड़ी पर बने घर-मकानों को धोखा निर्माण हो गया। कल्याण में बारिश की रिमझिम शुरू है, जिसके चलते नेतिवली पहाड़ी पर तीन मकानों की दीवारें अन्य दो मकानों पर गिर गई जिससे 5 मकान ढह गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक इस दुर्घटना में एक महिला के पैर में मामूली चोट लगी और घरों का नुकसान हुआ।

बतादें कि बीते कुछ सालों में नेतिवली पहाड़ी पर जनसंख्या में तेज़ी से बढ़ोतरी हुई है। बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए लोगों ने पहाड़ के ऊपर तक बड़े-बड़े मकान तो बना लिए, लेकिन बरसात के मौसम में गरीबों का आशियाना ही उनके जानलेवा साबित हो सकता है। हालांकि बरसात के मौसम में सुरक्षा के ऐतबार से महापालिका ने समय-समय पर नागरिकों को नोटिस जारी कर सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील की है, लेकिन सर छुपाने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण नागरिक अपना घर छोड़ने को तैयार नहीं।

# प्रतिभाशाली छात्रों का गौरव



उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** पद्मानगर क्षेत्र निवासी 4 छात्रों ने सीए और 1 छात्र एमबीबीएस की प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण की है. सभी विद्यार्थी मार्कंडेय महामुनि पुस्तकालय में नित्य पढ़ने आते थे.मेधावी छात्रों का गौरव मार्कंडेय महामुनि लाइब्रेरी समिति की ओर से किया गया. भाजपा पूर्व नगरसेवक संतोष शेट्टी ने मेधावी छात्रों का सम्मानित किया.

प्रतियोगी परीक्षा में उत्कृष्ट अंक पाकर भिवंडी शहर का नाम रोशन करने वाले अमंचा रोहिल, गुडेल्ली गणेश, विशाल मौर्य, लोकेश गग्गर और एमबीबीएस स्नातक चिन्नम वेणुगोपाल को सम्मानित करते हुए संतोष शेट्टी ने कहा कि, कड़ी मेहनत, परिजनों का साथ और मार्कंडेय महामुनि पुस्तकालय में अध्ययन करने के अवसर ने छात्रों की सफलता में बहुत योगदान दिया.उन्होंने कहा की 15 साल पहले मनपा के माध्यम से पद्मानगर क्षेत्र में शुरू की गई मार्कंडेय महामुनि लाइब्रेरी ने कई विषयों पर मुहैया कराई गई कीमती जरूरी किताबें का फायदा गरीब विद्यार्थियों को मिल रहा है जिसे पढ़कर मेधावी छात्र छात्राएं परीक्षा में सफलता हासिल कर रहे हैं. उक्त मौके पर सिद्धिविनायक सेवा संस्था अध्यक्ष ईश्वर पामू, भाजपा दक्षिण मंडल के अध्यक्ष कोंडा मोहन, पुस्तकालय समिति के कार्यकारी सदस्य आडेप श्रीनिवास, प्रथम शेट्टी, ईराबत्तीनी लक्ष्मीनारायण, सांबरी रमेश, अन्नलदास किरण, कट्टम गडावर, संभाजी राजे, कृष्णराम गडकर आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे.


## सर्राफा ने 17 लोगों के साढ़े 6 करोड़ ठगे

**पनवेल.** पनवेल शहर में एक घटना घटी है जहां एक सर्राफा ने 17 निवेशकों से साढ़े छह करोड़ रुपये की ठगी की है. जब शिकायतकर्ताओं ने इस संबंध में नवी मुंबई पुलिस आयुक्त को आवेदन दिया, तो अपराध का पता चला। पनवेल शहर में कपड़ा गली के डी. एम. सराफा दुकान कोठारी ज्वैलर्स को सितंबर 2019 से नवंबर 2023 के बीच सोने के कारोबार में निवेशकों को हर महीने अधिक मुनाफा देने का लालच दिया गया था। निवेशकों ने नकद और बैंक खाते के माध्यम से 6 करोड़ 57 लाख 36 हजार रुपये का निवेश किया। कुछ महीनों के बाद, निवेशक पुलिस के पास गए क्योंकि लाभ मांगने के बाद भी उन्हें मूलधन वापस नहीं दिया गया। पनवेल सिटी पुलिस स्टेशन में सराफ मित्तल कोठारी, दिलीप कोठारी, लता कोठारी, प्रीति कोठारी के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद नवी मुंबई पुलिस वित्तीय अपराध विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सतीश जाधव के नेतृत्व में सराफ और उनके सहयोगी की जांच शुरू हो गई है।

# कर्ज से परेशान व्यापारी ने वर्ली सी-लिंक से कूदकर की आत्महत्या

**मुंबई.** एक व्यापारी ने कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या कर ली. इस बिजनेसमैन का नाम भावेश सेठ है। उनका बॉल बेयरिंग का बिजनेस है. मरने से पहले उन्होंने अपने बेटे को फोन किया और माफी मांगी. इसके बाद उन्होंने बांद्रा-वर्ली सी लिंक से कूदकर अपनी जान दे दी. इस घटना से मुंबई में हाहाकार मचा हुआ है. पिछले सप्ताह भायंदर में बढ़ते कर्ज के कारण एक पिता और पुत्र की ट्रेन के नीचे आकर मौत हो गई। अब आत्महत्या की एक और घटना सामने आई है. लड़के को बुलाकर सी लिंक से कूदकर जान दे दी।

कारोबार में कर्ज में डूबे भावेश सेठ ने डिप्रेशन में आकर यह कदम उठाया। बुधवार दोपहर करीब 1 बजे भावेश ने एक अज्ञात व्यक्ति से सी लिंक के लिए लिफ्ट मांगी। सी लिंक पर उतरने के बाद उन्होंने अपने बेटे स्मिथ शेठ को फोन किया। उन्होंने सॉरी बेटा कहा और आत्महत्या करने का विचार दिया. इसके बाद उसने सी लिंक से समुद्र में फेंककर आत्महत्या कर ली.



इस घटना की जानकारी जैसे ही सी लिंक पर मौजूद पुलिस कर्मियों को मिली तो पुलिस मछुआरों के साथ भावेश सेठ को बचाने के लिए दौड़ पड़ी. उन्हें निकालकर इलाज के लिए भाभा अस्पताल ले जाया गया। लेकिन इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. जिस स्थान पर उन्होंने आत्महत्या की, वहां पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें लिखा था कि बेटा, हर चीज के लिए मुझे माफ कर देना, परिवार का ख्याल रखना। पुलिस ने इस मामले में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है.

पुलिस के मुताबिक, भावेश सेठ को कर्ज मिला था. इसी कर्ज के बोझ के कारण उसने यह कदम उठाया। भावेश सेठ घाटकोपर के गरोडिया नगर में रहते हैं। उन्होंने टोयोटा कार लिफ्ट ली। भावेश सेठ को लिफ्ट देने वाले शख्स ने बिल्कुल भी नहीं सोचा था कि भावेश सेठ ऐसा कदम उठाने वाला है. उन्होंने भावेश सेठ को लिफ्ट दी जिसके बाद भावेश सेठ सी लिंक के पास उतर गए. वहां से उसने लड़के को वीडियो कॉल की. उन्होंने उससे सॉरी कहकर यह कदम उठाया।

# रेल यात्रियों की समस्याओं को लेकर उबाठा ने दिया ज्ञापन



**कल्याण.** कल्याण स्टेशन के बाहर आने-जाने वाले यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों को हो रही असुविधा को लेकर शिवसेना उद्धव के विधानसभा सहसंगठक रूपेश चंद्रकांत भोईर ने कल्याण मनपा आयुक्त और स्टेशन मास्टर को एक ज्ञापन देकर अगाह किया है, कि यदि दस दिनों के भीतर इन समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो सड़क पर जनांदोलन होगा। भोईर ने दस मुददे उपस्थित किए है, जिनमें कल्याण स्टेशन के बाहर खाद्य पदार्थ बिक्री करने वाले अवैध हाथ गाड़ियों पर प्रतिबंध के साथ-साथ अधिकृत दुकानदार और होटल संचालकों द्वारा अवैध रूप से किए गए फुटपाथ कब्जा, नवीमुंबई परिवहन सेवा की बसों को खड़ी करने के लिए उचित स्थान, स्टेशन परिसर में लगे अवैध होर्डिंगों पर कार्रवाई, स्टेशन परिसर से महालक्ष्मी होटल तक फुटपाथ पर बैठने वाले फेरीवालों पर प्रतिबंध के अलावा स्टेशन के सामने इंट्री गेट पर जाम करने वाले रिक्शा चालकों पर शिकंजा, ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन करना तथा रात के समय गरदुल्लों एवं नशाखोरों पर नियंत्रण के साथ स्टेशन के बाहर देह व्यापार के लिए खड़ी रहने वाली महिलाओं की उपाय योजना शामिल है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दस दिनों के भीतर ये समस्याएं हल नहीं हुई, तो हम कल्याणकरों की असुविधा के लिए जनांदोलन करेंगे।

# गायत्री परिवार द्वारा शिक्षकों व विद्यार्थियों का सम्मान

**भिवंडी.** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में धामनकर नाका स्थित बीएमपीए सभागृह में गायत्री परिवार भिवंडी द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व के उपलक्ष में भारतीय सस्कृत ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया. शहर के 18 स्कूलों के 3,100 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया. सभी विद्यालय से टॉप 3 विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ 61 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया.उक्त अवसर पर शहर के 12 स्कूलों के शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया.कार्यक्रम के संबोधन में डॉ वरुण मानेक ने बताया कि,भावी पीढ़ी के नव-निर्माण की खातिर अनेक उपक्रम अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा संचालित किये जाते हैं. भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के अलावा बाल संस्कार शालाएं, कन्या कौशल्य शिविर, युवा उत्थान शिविर, शिक्षक सम्मेलन, उच्च कोटि का साहित्य लेखन एवं प्रकाशन, प्रज्ञायोग तथा विविध प्रशिक्षण शिविर शामिल हैं. बीएसजीपी वर्तमान स्कूली शिक्षा को जीवन-विद्या शिक्षण द्वारा पूर्णता प्रदान करती है.शांतिकुंज के वरिष्ठ प्रतिनिधि चक्रधर तापलियाल ने बताया कि, भावी पीढ़ी के निर्माण में शिक्षकों की अत्यंत महत्वपूर्ण एवं पवित्र भूमिका है. शिक्षकों को बच्चों का दूसरा माता-पिता भी कहा जाता है. उन्होंने बताया कि गायत्री परिवार के संस्थापक आचार्य श्रीराम शर्मा ने शिक्षकों के लिए उद्घोष किया था कि अध्यापक हैं युग-निर्माता-छात्र राष्ट्र के भाग्य विधाता. शान्तिकुंज वरिष्ठ प्रतिनिधि चक्रधर तापलियाल, कमलनारायण शाहू,शंकरलाल भावरकर, डॉ वरुण मानेक द्वारा विद्यार्थियों व शिक्षकों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में उपेंद्र जोशी,सुनिल भोंसले, दिनकर सिंह, नीरज गुप्ता, पीडी यादव, गीता पटेल, सुनिता नायक, मिथलेश अग्रवाल आदि कार्यकर्ताओं की मेहनत रही. समारोह का सूत्र संचालन राजकुमार देसाई ने किया.




## जी.एम.मोमिन कॉलेज अध्ययन केन्द्र के बीसीए फाइनल का शानदार परीक्षा परिणाम

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विद्यापीठ नाशिक द्वारा संचालित गुलाम मोहम्मद मोमिन विमेंस कॉलेज अध्ययन केंद्र में आयोजित बीसीए फाइनल परीक्षा का परिणाम यूनिवर्सिटी द्वारा ऑनलाइन घोषित किया गया है. इस वर्ष बीसीए फाइनल की परीक्षा में कुल 26 छात्रों ने भाग लिया था जिसमें 25 विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त हुई. कुल परिणाम 96.15% रहा.20 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में तथा 5 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में सफल हुए.शीर्ष 5 विद्यार्थियों में सुजैन एजाज अहमद 74.88% पाकर प्रथम,अंसारी नुसरत फातिमा अब्दुल मजीद 73.94% अंकों के साथ सेकंड, खान अब्दुल्ला रियाज अहमद 73.63% अंकों के साथ थर्ड, शेख अलकमा बदरे आलम 73.19% अंकों के साथ चौथे, मोमिन रेफा रियाज 72. 66% अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहीं.छात्रों के शानदार परिणाम पर केएमई.सोसायटी अध्यक्ष अलमाज़ फकीह, सचिव दानियाल काजी,कोषाध्यक्ष फहद बुबेरे,प्राचार्य डॉ.तबस्सुम शेख, चेयरमैन अफजल नाखुदा,इंचार्ज सफा आगा,कोआर्डिनेटर अब्दुल अजीज अंसारी और स्टाफ सदस्यों ने तमाम सफलतम मेधावी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है.

### आम सूचना

हम श्रीमती विणा गिरधारी कोटवानी व श्री गिरधारी टोपनदास कोटवानी सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 305, लालशील अपार्टमेंट, ब्लॉक ए-62/367,368, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 13बीआय015538300) उक्त प्रॉपर्टी श्री घनश्यामदास इदनदास हिरवानी ने श्री हरेश सुमोमल माखिजा से दि. 25.2.2000 को खरीदी थी। श्री घनश्याम इदनदास हिरवानी से सेल एग्रीमेंट दि. 13.6.2008 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती विणा गिरधारी कोटवानी**
**व श्री गिरधारी टोपनदास कोटवानी**

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

# हॉलीवुड में हीरो जितनी फीस लेकर प्रियंका ने रचा इतिहास

बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा 18 जुलाई को 42 साल की हो चुकी हैं। उत्तर प्रदेश के बरेली में जन्मीं प्रियंका चोपड़ा ने बचपन में कभी रंगभेद का सामना किया, तो कभी तानों से बचने के लिए बाथरूम में छिपकर खाना खाया। इन सबके बावजूद उन्होंने महज 18 साल की उम्र में 90 देशों की खूबसूरत कंटेस्टेंट्स को पीछे कर 2000 में मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया। मिस वर्ल्ड जीतने के बाद प्रियंका ने पहले तमिल सिनेमा में एंट्री ली और फिर बॉलीवुड में। प्रियंका ने लगातार ऐतराज, कृष, फैशन, डॉन 2, अग्निपथ जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम करते हुए खुद को बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस के बीच ला खड़ा किया, लेकिन फिर 2015 के बाद उन्होंने अचानक इंडस्ट्री छोड़ दी।



सालों बाद प्रियंका ने एक पॉडकास्ट में बताया कि उन्होंने अपनी मर्जी से बॉलीवुड इंडस्ट्री से दूरी नहीं बनाई थी, बल्कि उन्हें कॉर्नर किया गया था। उन्हें मनमुताबिक काम नहीं दिया जा रहा था और वो लगातार होती पॉलिटिक्स से थक चुकी थीं।

फिल्में मिलनी बंद हुईं तो प्रियंका की मां ने उनसे कहा था- तुम्हें कमाई का कोई दूसरा जरिया ढूंढना चाहिए। फिर क्या था, प्रियंका ने बतौर सिंगर करियर की दूसरी पारी शुरू की। इंग्लिश गानों से हॉलीवुड में जगह बनाने वालीं प्रियंका के लिए ये बदलाव अहम साबित हुआ।




Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099